तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

11 आवासीय खेल के लिए राज्य चयन ट्रायल में जिले के भी...



12 वृंदावन विद्यालय में बच्चों का स्वागत ...





## खबर संक्षेप

### शराब के अधिक सेवन से ग्रामीण की मौत

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जामपाली निवासी एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब सेवन करने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 24 जून को जन्मजय ध्रुव पिता धनीराम (44) ने अत्यधिक शराब सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल पिथौरा में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पतेरापाली में एक व्यक्ति को शराब पीने पिलाने का संसाधन उपलब्ध कराते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काली मंदिर जाने की पगडंडी रास्ता तालाब पास ग्राम पतेरापाली में गजेंद्र उर्फ सोनू यादव लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा है। आरोपी पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### झोपड़ी मे शराब पीने की सुविधा देते गिरफ्तार

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर पानी टंकी के सामने अपने झोपड़ी में एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपब्ध कराते गिरफ्तार किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने चखना झोपड़ी तुमगांव पानी टंकी के सामने पहुंची जहां ओमप्रकाश यादव लोगों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिला रहा था एवं शराब पीने का समान उपलब्ध करा रहा था।

### उत्साह: स्कूल के पहले दिन बैंड बाजा के साथ हुआ छात्रों का स्वागत, जोर-शोर से हुई शिक्षण सत्र की शुरुआत

# जलेबी खिलाकर तिलक लगाया, कराया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत बुधवार को जोरशोर से हुई। निजी और सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव संबंधी विविध आयोजनों के अलावा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी सरकारी आयोजनों में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए नवप्रवेशियों का स्वागत किया। इसी तारतम्य में कहीं जलेबी खिलाकर स्कूलों में स्वागत हुआ तो कहीं बच्चों को आयोजन के दौरान तिलक वंदन किया गया। शहर के चंद्रोदय पब्लिक स्कूल में तो बच्चों के स्वागत के लिए बैंड बाजे तक की व्यवस्था की गई थी जो समस्त पालकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शहर के नयापारा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। गणवेश, पुस्तक और नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, रोली लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि शाला प्रवेशोत्सव से बच्चों के मन में उत्साह का संचार होता है। राज्य सरकार प्राथमिक और मिडिल स्कूलों





के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराती है ताकि स्कूल खुलने के पहले दिन से ही बच्चे अध्ययन में जुट जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। आज शाला प्रवेशोत्सव के पहले दिन बच्चों सहित उनके माता-पिता को भी बधाई देता हूं और सभी शिक्षकों से आशा करता हूं कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज में एक नई पहचान दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में यह परम्परा रही है कि हर खुशियों को त्यौहार के रूप में मनाते हैं। इसी तरह शाला प्रवेश भी एक उत्सव की तरह मनाया जाए। ताकि स्कूल का पहला दिन बच्चों को जीवन भर याद रहे। इस दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा प्रेरणा साहू को मंच पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रेरणा कक्षा 10वीं की परीक्षा में मेरिट में 7वां स्थान प्राप्त की थी। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रेरणा सभी स्कूल के बच्चों के लिए वाकई प्रेरणा है। कार्यक्रम में मौजूद अनिता जी रावटे ने कहा कि आज 52 दिन के अवकाश के पश्चात स्कूल खुल रहे हैं। उन्हेंने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और मोबाईल या अन्य गैजेट्स का कम से कम इस्तेमाल करें। यदि इस्तेमाल करना भी हो तो शिक्षा के उद्देश्य से इस्तेमाल करें। पार्षद मीना वर्मा ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चे उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्राचार्य और सभी शिक्षकों को बधाई देती हूं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने बताया कि पिछले वर्ष महासमुंद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस स्कूल से 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पूरे जिले का राज्य स्तर पर कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम तृतीय स्थान और कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सातवें स्थान पर रहा। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 11 प्रतिशत परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर अनिता जी रावटे, पार्षद मीना वर्मा, रमेश साहू, गोपाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत सहित स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, बच्चे और पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सतीश नायर व नंदकुमार सिन्हा, प्राचार्य सेजेस अमी रूफस व शिक्षक गण भी मौजूद रहे।

### जिले में 1278 प्राथमिक शाला

ज्ञात है कि जिले में कुल शासकीय प्राथमिक शाला 1278, मिडिल स्कूल 493, हाईस्कूल 62 और हायर सेकंडरी 126 शासकीय शालाएं संचालित है। जिसमें लगभग 1 लाख 62 हजार 303 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। प्राथमिक शाला में 71 हजार 36 बच्चे, मिडिल में 46 हजार 964, हाई स्कूल में 25 हजार 178 और हायर सेकंडरी में 19 हजार 125 बच्चे अध्ययनरत हैं।

# हर साल क्षतिग्रस्त हो जाता है बम्हनी-चिंगरौद मार्ग का पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले ग्राम बम्हनी एवं चिंगरौद के मुख्य मार्ग में सितली नाला का पुल ज्यादा पानी गिरने से हर साल क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिसके चलते दोनों गांवों का संपर्क टूट जाता है। इस पुल निर्माण के लिए विधायक बनते ही योगेश्वर सिन्हा ने बजट मे 2 करोड़ का प्रावधान किया था जिसका अब तक टेंडर तक नहीं हो पाया है। बता दें कि इस मार्ग से होकर लोग राजिम भी जाते हैं।

**स्कूली छात्रों एवं ग्रामीणों को होती है परेशानी :** पुल के क्षतिग्रस्त होने की चलते मरम्मत के नाम प बजरी गिट्टी को भर फिर से सीमेंट की ढलाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से चिंगरौद से बम्हनी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को हफ्तेभर पढ़ाई से वंचित होना पड़ता है एवं गांव के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। इस पुल के निर्माण के लिए 2 करोड़ का बजट विधायक ने अपने पहले ही वित्तीय बजट मे ही प्रावधान कर दिया था लेकिन, उसके बाद न टेंडर पास किया गया, न ही उस पर ध्यान दिया।



## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**



## खबर संक्षेप

### मीना बाजार में मारपीट, केस दर्ज

**महासमुंद।** नगर के दादाबाड़ा मैदान में लगे मीना बाजार में घूमने गए एक युवक पर नशे की हालत में एक लड़के ने पानी पीकर थूंक दिया, जिसे ऐसा क्यों कर रहो पूछने पर वह मारपीट करने उतारू हो गया। संजय प्रधान ने पुलिस को बताया कि 24 जून 2024 को रात करीब 9:30-10 बजे वह दादाबाड़ा मैदान में लगे मीना बाजार अपने दोस्त हिमांशु हियाल के साथ घूमने गया था। जहां वह अपने दोस्त के साथ मीना बाजार घूम रहा था तो उसी समय एक लड़का नशे की हालत में उसके ऊपर पानी की बोतल से पानी पीकर थूंक दिया। जिस पर संजय ने ऐसा क्यों कर रहे हो कहा तो आरोपी लड़के ने संजय को गाली देना शुरू कर दिया और मारपीट करने उतारू हो गया। सिर में कड़े से मारकर चोट पहुंचाया और भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाप धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### जमीन विवाद में चाचा से मारपीट अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम नवरगंपुर में जमीन विवाद की बात को लेकर भतीजे ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि नवरंगपुर निवासी घसियादास मानिकपुरी रात खाना खाकर परिवार सहित घर के आंगन में सोया था। करीब 11 बजे घसियादास का भतीजा सुनील दास आया और जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा, जिसे घसियादास ने गाली गलौज करने से मना किया तो सुनील गालियां देते जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे डंडे से कान के पास मारकर चोट पहुंचाया। झगड़े को देखकर घसियादास की पत्नी धनमोती आ तो सुनील ने उसे भी डंडा से सिर में मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### नवीन न्याय संहिता के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** 01 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी देने जनपद पंचायत महासमुंद, बसना व बागबाहरा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक साथ ही अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, पुलिस और कानूनविदों की उपस्थिति में सरपंच और सचिवों को आईपीसी 1860, सीआरपीसी 1973 एवं एविडेंस एक्ट 1872 में किए गए संशोधन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय सजा अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार की तरफ से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीन नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। कार्यशाला में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए तीनों क्रिमिनल लॉ 01 जुलाई 2024 से अमल में आ जाएगा।

**बारिश :** शहर सहित क्षेत्र में बुधवार देर शाम से बारिश ने पहुंचाई लोगों को गर्मी से राहत

# पौन घंटे की बारिश ने किया तरबतर, सड़कों पर नालियों का पानी, खुली सफाई व्यवस्था की पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बुधवार देर शाम तकरीबन 45 मिनट तक हुई घनघोर बारिश से पूरा अंचल तर बतर हो गया। बारिश ने जहां लोगों को राहत पहुंचाई वहीं शहर की नालियां उफनकर सड़क पर बह निकली। पौन घंटे हुई भारी बारिश से ही जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नालियों का पानी शहर के मुख्य सड़क पर बह निकला जिससे लोगों को गंदे पानी के छींटे पड़ते रहे।

भारी बारिश के बाद अचानक पानी रुकते ही सड़क पर यातायात अचानक बढ़ गया और लोगों अपने गंतव्य के लिए निकलने की जल्दी में यातायात नियमों को तोड़ते रहे जिससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी वहीं मुख्य मार्ग के जिन हिस्सों में नालियों का पानी था वहां पर वन वे की स्थिति बनी और जाम लगने से ट्रैफिक भी प्रभावित होता रहा। भारी बारिश के बीच बिजली चमकने और गर्जना से लोग घरों में दुबके रहे। बारिश के बीच बिजली गिरने से कुछ देर तक विद्युत आपूर्ति भी रोक दी गई थी। शहर के लोहिया चौक स्थित ट्रांसफार्मर जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ। इधर पालिका प्रशासन द्वारा लोगों से सड़कों को साफ रखने, घरों का कचरा नालियों में नही डालने और जल जमाव की स्थिति में सतर्कता बरतने की बात कही है। नगर में गर्मी से परेशान लोगों को बुधवार शाम से राहत मिली। शाम को आसमान में बादल छाए फिर तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इस बारिश से किसानों के चेहरे में रौनक आई है। बारिश इतनी तेज थी कि बारिश के दौरान वाहनों को हैडलाइट ऑन करने की नौबत रही।







### आधे घंटे की बारिश में खुली ड्रेनेज सिस्टम की पोल

बुधवार शाम को हुए करीब पौन घंटे हुई बारिश ने बरसात के पहले की गई सफाई की पोल खोल के रख दी। नालियों में कचरे के कारण लगे जाम के कारण शहर के मुख्य मार्ग में जल का भराव हो गया जिससे आने जाने वालो को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। सड़क में बह रहा नालियों का गंदा पानी को शहरवासियों ने राहगीरों के लिए काला पानी की सजा से संबोधित किया।


### 3-4 दिन तक अच्छी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के तकरीबन सभी संभागों के कई जिलों में आने वाले 3 से 4 दिनों तक मानसून की अच्छी बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में जिले में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में मानसून आगे बढ़ सकता है। हर साल 10 जून तक छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले मानसून की देरी से ही सही पर एंट्री हो चुकी है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा। इस तरह मंगलवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

## आधुनिक मशीनों के दौर में पारंपरिक खेती नांगर-बैल के साथ धान की बोआई कर रहे अंचल के किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में मानसून के प्रभावी होने के बाद किसान अब खेतों में नजर आने लगे हैं। धान की फसल लेने जुटे साधन संपन्न किसान जहां खेतों में ट्रैक्टर से जुताई और बोआई कर रहे हैं वहीं कई किसान आज के आधुनिक दौर में भी नांगर-बैल के माध्यम से धान फसल लेने की शुरुआती तैयारियों में जुटे हुए हैं। जो अपनी पुरानी पारंपरिक खेती के ढंग को जीवित रखे हुए हैं। किसानों ने बताया है कि सभी किसान अपने अपने सहूलियत के अनुसार खेती करते है। अब ज्यादातर किसानों के पास बैल नांगर नही होने के कारण ट्रैक्टर के जरिए खेती करते हैं। लेकिन, कई किसान आज भी पारंपरिक तरीके को अपनाये हुए है एवं किसान पूजा अर्चना कर खेत में चावल के आटे से बने चीला चढ़ाकर खेती की शुरूआत करते हैं।



### ट्रैक्टर से सहूलियत

ट्रैक्टरों के कारण अब नांगर बैल की जरूरत खत्म सी हो गई है। जिले मे स्थित ग्राम बरोंडा बाजार मवेशियों की खरीदी बिक्री के लिए प्रचलित है लेकिन आज कल किसान खेती के लिए बैल खरीदने में दिलजस्पी नहीं दिखा रहे है जिससे बैलों के विक्रेता अन्य व्यवसाय करने को मजबूर है।

## सतनामी समाज की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सतनामी समाज जिला महिला प्रकोष्ठ ने 10 जून को बलौदाबाजार में समाज के धरना-प्रदर्शन के दौरान भयंकर आगजनी, तोड़फोड़ और वाहनों को आग लगाने की घटना अज्ञात असामाजिक तत्वों की करतूत बताते हुए कड़ी भर्त्सना और घोर निंदा करते हुए कहा कि सतनामी समाज और शासन को बदनाम करने की साजिश है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में महिलाओं ने कहा है कि सतनामी समाज गुरु घासीदास बाबा जी के सिद्धांत सत्य और अहिंसा को मानने वाला संतान है जो इस तरह की हरकत और शर्मनाक कृत्य नहीं कर सकता। समाज की महिलाओं ने मांग की है कि कलेक्टर और एसपी कार्यालय भवन और वाहनों को आगजनी, तोड़फोड़ कर शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। और निर्दोष लोगों को निःशर्त रिहा किया जाए।

### बस स्टैंड के पास मारपीट काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** बस स्टैंड में सवारी बैठाने को लेकर दो ऑटो चालकों के बीच मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम खैरा निवासी लखन विभार ने पुलिस को बताया कि 31 मई 2024 के सुबह करीब 6 बजे वह अपने आटो को लेकर सवारी बैठाने के लिए बस स्टैंड महासमुंद गया था जहां बस से आए सवारी को बैठाने के लिए देख रहा था तभी राजेंद्र ठाकुर सवारी बैठाने के लिए अपने आटो को बस के सामने लगा दिया जिसे मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और अपने पास रखे डंडा से मारपीट किया जिससे मुंह में पैर में चोट आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। जबकि राजेंद्र ठाकुर क्लब पारा निवासी ने पुलिस को बताया कि 31 मई 2024 को शाम करीब 6 बजे उसे ई रिक्शा में सवारी बिठाने की बात को लेकर लखन विभार ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्का व डंडा से मारपीट किया था। जिससे उसे चोट लगी था, जिसके बाद वह थाना रिपोर्ट करने आया था इसके बाद 24 जून 24 को शाम 6 बजे जब वह बस स्टैंड गया तो उसे देखकर लखन विभार पुरानी बात को लेकर फिर मुझे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। राजेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 भादवि का पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## सरकार की अवैध कमाई का जरिया बना अहाता : विनोद

### आहातों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं, शराब प्रेमियों से हो रही वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सरकार शराब के माध्यम से राजस्व बढ़ाने आहाता पालिसी लेकर आई। लेकिन, इन आहतों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। आहातों में नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से सिक्योरिटी गार्ड, पीने के लिए शुद्ध आरओ वाटर, खाने की व्यवस्था, कूलर, पंखा, आवश्यक पड़ने एसी, बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था तथा शौचालय, सफाई की विशेष ध्यान रखा जाना है। लेकिन, आहातों को उपरोक्त सुविधाओं के बिना आधे-अधूरे तैयारियों के साथ चलाया जा रहा है। सफाई के अभाव आहातों में गंदगी पसरी हुई है। मदिरा प्रेमियों को स्वच्छ जल नहीं मिलने पर यदि वे स्वयं अन्यत्र स्थान से पानी बाटल ले जा रहे हैं, तो उन्हें फाइन वसूला जा रहा है। और फाइन देने से मना करने पर आहाता संचालकों द्वारा लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने उतारू हो रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि असल में सरकार की नीयत शराब प्रेमियों को सुविधा देने की थी ही नहीं। सरकार की मंसूबे केवल आहातों के माध्यम से पैसा कमाना था। आहातों के आबंटन से सरकार को करोड़ों रुपए प्राप्त हुए। अब इन आहातों की निगरानी, देखरेख में सरकार की रूचि नहीं।



चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में नई-नई शराब दुकानें खोलकर तथा आहाता के माध्यम से कमाई का जरिया बनाने वाले भाजपा सरकार में भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता मौन हैं। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान यही नेता शराबबंदी की मांग को लेकर छाती पीट रहे थे। जनता के समक्ष शराब विरोधी होने का दिखावा करने वाले ये सभी भाजपा सरकार के काले कारनामों का हिस्सेदार बन गए हैं। आज आहाते बनाकर शराब बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगों को चिन्हांकित कर आहाते आंबटित किए गए है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं के अनुशंसा पर आहाते आबंटित किये गये है। इनके राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है। शराब दुकानों से 200 रु. प्रति पेटी अतिरिक्त देकर कोचिये गली मोहल्ले में शराब बेच रहे हैं, और इन्हें सत्ता पक्ष के नेताओं का विशेष संरक्षण मिला हुआ है।

## हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य जनजागरुकता अभियान रथ को किया रवाना

**महासमुंद।** प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा ईयू-डब्ल्यूएचएच के सहयोग से संचालित सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना का संचालन जिला महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी में किया जा रहा है। सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना के परियोजना समन्वयक प्रयोग भरत भूषण ठाकुर के दिशा निर्देश में स्वास्थ्य जनजागरुकता अभियान रथ तिल्दा से रवाना होकर जनपद पंचायत बागबाहरा 26 जून को पहुंची। जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के हाथों से हरी झंडी दिखा अभियान का शुभारंभ किया गया। रथ को गांवों की ओर रवाना किया गया। जिनमें जनपद स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। यह स्वास्थ्य जन जागरुकता रथ प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा लोगों जागरूक करने आरंभ किया गया। स्वास्थ्य



जनजागरुकता अभियान बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम बागबाहरा कला से होते हुए कल्याणपुर, करमापटपर, सम्हर, लमकेनी, सराईपाली, मोंगरापाली, तेंदूकोना, शिकारीपाली होते हुए तीन दिवसीय यह जागरूकता अभियान जिला गरियाबंद एवं धमतरी के ओर आगे बढ़ा। जिनमें बागबाहरा के 45 से 50 गांवों में यह रथ के माध्यम से संदेश दिया गया। इस अभियान द्वारा गांवों के सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और कुछ नर्सों से मिलकर इस अभियान की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी हेल्पलाइन नंबर 102 महतारी एक्सप्रेस, 108 संजीवनी एक्सप्रेस, 104 आरोग्य सेवा, 1099 मुक्तांजलि एक्सप्रेस, टीकाकरण से जुड़ी जानकारियां, डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय, एनीमिया से बचाव, आयुष्मान भारत योजना (जन आरोग्य योजना) से इलाज तथा जननी सुरक्षा योजना की जानकारी पोस्टर, पामप्लेट बांट कर दी गई। इस अभियान में प्रयोग संस्था के कार्यकर्ता धर्मेंद्र पुरी, पूरब धुरंधर तथा महासमुंद जिला समन्वयक देवांतिन ठाकुर और सुमन साहू का विशेष सहयोग रहा।

## भीखापाली में सदगुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर भजनों की प्रस्तुति

**तेंदूकोना।** ग्राम भीखपाली में ग्रामवासियों एवं सत्संग समिति द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब का 626वा प्राकट्य दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अत्यंत ही धर्मपूर्ण वातावरण में ज्ञान यज्ञ एवं चौका आरती का आयोजन महंत सुकालु साहेब पुजारी, महंत हेमप्रकाश साहेब रायपुर (कचना), संत मंडली एवं ज्ञान गुण सागर मानस परिवार, रामनारायण साहू के विशेष सहयोग से किया गया। 31 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित हुई। संगीतकार रामप्रवेश पारकर, जीवन लाल साहू, हरिओम मानस परिवार एवं टीम द्वारा सगदुरू कबीर साहेब के भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य वक्ता पंडित भागीरथी दुबे ने कबीर साहब के प्राकट्य का वर्णन करते हुए कहा कि मोक्ष भूमि काशीपुरी के लहरतारा तालाब में कमल पुष्प पर जुलाहा दंपति नीरू नीमा को प्राप्त हुए। हमें सदगुरु कबीर साहेब का अवतरण ही जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। सात्विक आहार विहार, समरसता का पाठ, आडंबरविहीन एवं मानव मात्र को प्रेम सूत्र में बांधने का दिव्य संदेश दिया। सदगुरु कबीर साहेब के प्रकृति सेवा के संदेशों के अनुरूप ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। ग्रीन केयर अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ऑनलाइन जुड़कर पौधे उपलब्ध कराने के लिए वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत एवं परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सदगुरु कबीर साहेब के मानवता वादी संदेश, मानव एवं प्रकृति प्रेम को आत्मसात करते हुए जल एवं पर्यावरण प्रदूषण दूर करने पौधे दे रहे हैं। इन्हें लगाकर बड़ाकर वृक्ष बनाएं, सदगुरु का संदेश चरितार्थ होगा। पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे वितरित करने के लिए ग्रामवासी आयोजन समिति एवं महंत सुकालू साहेब ने ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया एवं डॉ पाणिग्राही, अमूजूरी बिस्वनाथ का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया।




## भंवरपुर में बलिदान दिवस पर वीरांगना महारानी दुर्गावती की वीरता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड़ समाज फुलझर राज्य, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं छत्तीसगढ़ क्रांति सेना भंवरपुर, बसना एवं सरायपाली के संयुक्त तत्वावधान में भंवरपुर स्थित वीरांगना महारानी दुर्गावती प्रतिमा स्मारक स्थल पर उनकी 460वीं बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर गोंडवाना आदिवासी समाज आराध्य देव भगवान बूढ़ादेव की पूजा पाठ व मंगल आरती के साथ वीरांगना महारानी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। भारत के इतिहास में ऐतिहासिक वीरता की अनेक वीरगाथाओं का वर्णन उल्लेख हैं। उन्हीं में से 15वीं शताब्दी की गढ़ मंडला गोंडवाना साम्राज्य की क्षत्राणी शौर्य वीरता, पराक्रम पराकाष्ठा नारीशक्ति प्रेरणापुंज त्याग की प्रतिमूर्ति गोंड़ शासिका वीरांगना महारानी दुर्गावती मंडावी ने अपनी आन बान शान से मातृभूमि देश धर्म संस्कृति समाज सेवा और अपने प्रजाओं के सतत रक्षा करतीं हुईं 51 बार विदेशी मुगल आक्रमणकारी अकबर और असफ खान के सेना को युद्धों में परास्त की थीं। परंतु, 52वीं बार की युद्ध में महारानी के सैन्य संख्या बल अस्त्र-शस्त्र कम होने के कारण मुग़ल विधर्मियों से चारों तरफ से घिर गईं। हार नहीं मानने वालीं वीरांगना ने रणभूमि में रणचंडी मां भवानी की भांति युद्ध के महासंग्राम में क्षत्राणी धर्म का पालन करते हुए वे जीवित गुलामी स्वीकार नहीं करने की दृढ़ प्रतिज्ञा और आत्मसम्मान स्वाभिमान की रक्षा में 24 जून 1564 के दिन महारानी ने स्वयं अपनी छाती में कटार घोंपकर आत्म बलिदान कर बलिदान की इतिहास में अमरता की एक नया कीर्तिमान अध्याय लिख दी।



उनकी शौर्य वीरता व पराक्रम को सदैव चिर यादगार अमर बनाए रखने सर्व आदिवासी समाजजनों ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बलिदान दिवस पर सामाजिक संगोष्ठी आयोजित कर स्मरण किया। जिसमें सर्व आदिवासी समाज के युवाओं ने संगठन एकता अखंडता का परिचय देते हुए गढ़ किला मैदान आदिवासी सामुदायिक भवन कृषि उपज मंडी प्रांगण से नगर के विभिन्न चौक चौराहों मार्गों से विशाल बाइक रैली निकालकर मंडी प्रांगण में रैली सभा में परिवर्तित हुआ। जहां पर समाज प्रमुख शिक्षाविदों ने महारानी दुर्गावती के कुशल गोंडवाना साम्राज्य शासन व जीवनी वीरता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, सांगठनिक शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक उत्थान विकास विचार संगोष्ठी पर अपने-अपने विचार रखें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से गणेशराम सिदार, उदलसिंह पोर्ते, उत्तमसिंह जगत, शुभसिंह जगत, करतालसिंह जगत, गोकुलसिंह, पारेश्वर फगुलाल बरिहा, देवकी दीवान, पुरूषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया, उत्तम चंद्रवंशी, विजय बिशाल, घनश्याम सिदार, बैगा रामलाल बाघ, मुनुसिंह जगत, पांडव नाग, विजय कौशिक, जगदीश सिदार, राजेंद्र सिंह सिदार, राजेंद्र जगत, कुंजल सिदार, टाकेंद्र राय, नरेश पोर्ते, देवानंद नाग, चंद्रशेखर सिदार, हीरालाल मरकाम, विजय नेताम, महेश सिदार, सम्पत सिदार, बरातुराम सिदार, मेघलाल मरकाम, सेवक पोर्ते, जयराम कश्यप, बिस्वर पोर्ते, अहिवरन नाग, मंगलसिंह जगत, उपेन्द्र बाघ, शिवशोभन ठाकुर, उपेन्द्र नाग, दुलार पारेश्वर, डोलामणी सिदार, श्याम सिदार, त्रिभुवन सिदार, उद्धव जगत, युधिष्ठिर सिदार, कैलाश सिदार, सुकलाल नाग, खूबसिंह नाग, चमरा सिदार, शंकर सिदार, पिरीत सिंह सिदार, बिरेंद्र सिदार, सुशील सिदार, दीपक सिदार, देवराज सिदार, रूपेश दीवान, देवेश सिदार, देव ठाकुर, नीलमणि सिदार, टिकेश्वर मरकाम, पूनम सिदार, अन्नू सिदार, जागृति पोर्ते सहित बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के महिला व पुरुषों ने उपस्थित होकर सामाजिक संगठन शक्ति एकता अखंडता समरसता और सफल आयोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से विशेष योगदान दिए। सर्व आदिवासी समाज के लिए सदैव समर्पित समाजसेवी नेतृत्वकर्ता अमृतलाल जगत अध्यक्ष छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने सहकारिता विभागीय प्रशिक्षण इंदौर मध्यप्रदेश प्रवास में होने पर समाजजनों को वर्चुअल ऑनलाइन जुड़कर आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। मंचीय संचालन पुरूषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया एवं आभार प्रदर्शन उदलसिंह पोर्ते ने किया। उपरोक्त जानकारी राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक मीडिया प्रभारी छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ सरायपाली ने दी है।

## शाला प्रवेश उत्सव पर हुआ नेवता भोज



**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में प्रवेश उत्सव पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खीर पूड़ी, सलाद, दाल चावल भरोसा गया। शाला में प्रवेश से पहले स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। जिसमें सभी बच्चों में उत्सव नजर आए। शिक्षकों ने अध्यापन कार्य के लिए प्रेरित किया। जिसमें उक्त कार्यक्रम में संकुल समन्वय सहदेव राम ध्रुव, शाला के प्रधान पाठक देवचरण साहू व मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव, धनेश्वरी प्रजापति, महिला समूह जय मां शीतला स्व सहायता समूह द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया।

# प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन महासमुंद विकासखंड के 335 विद्यालय में हुआ न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर के मार्गदर्शन में महासमुंद विकासखंड के 226 प्राथमिक एवं 109 उच्च प्राथमिक कुल 335 विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शिक्षा सत्र का आरंभ हुआ। प्रथम दिवस बच्चों को प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं आमंत्रित नागरिकों द्वारा न्योता भोज कराया गया। 2 माह बाद विद्यालय आने और उत्सव पूर्वक अभिनंदन के साथ खीर, पूड़ी, मिष्ठान, नमकीन सहित विभिन्न पकवान प्राप्त होने पर नन्हों के चेहरे खिले।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में शाला प्रवेशोत्सव को आनंददायक बनाने एवं नव प्रवेशी बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करने संकुल समन्वयकों के सहयोग से विकासखंड के विद्यालयों में विविध आयोजन हुए। शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस ही उपस्थित सभी बच्चों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों के कर कमलों से हुआ। बच्चों का तिलक वंदन कर उन्हे मिष्ठान खिलाया गया। अनेक विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विशिष्ट तरीकों से बच्चों का स्वागत किया गया तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव में शाला प्रबंधन समिति,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य माताओं सहित पालकों ने अपनी उपस्थिति दी। उपस्थित पालकों ने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। विकासखंड में शाला प्रवेशोत्सव के सफल क्रियान्वयन में संकुल समन्वयक अशोक साहू, सतीश तिवारी,आशीष साहू, ए चंद्रशेखर डोरा,अनिल ढीढी, धरम पटेल, सहदेव ध्रुव, पवन साहू, शेख रशीद कुरैशी, मनोज साहू, सुरेश पटेल, नीरज साहू, डोंगर सिंह टंडन, पीतांबर पाठक,गणेश टंडन, गणेश राम टंडन, सुरेंद्र चंद्राकर, ललित बया,मनीष चंद्राकर, गुहन साहू,कमल किशोर कुर्रे, बेदराम गिलहरे,जोगिंदर गिलहरे, खेमराज चौधरी, खेमराज दीवान, लक्ष्मीनाथ सकरिया, मानिक राम साहू, देवानंद पटेल, बाल्मिकी साहू, फनेंद्र बंजारे, निर्वाण दास मानिकपुरी, कमल किशोर कुर्रे, कमल किशोर सिन्हा, ईश्वर कमार, गोविंद ध्रुव,महेंद्र ध्रुव, खिलावन कंडरा, घनश्याम दीवान, शाहीद खान आदि मौजूद रहे।



## बिलखंड स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बसना।** ग्रीष्मकालीन छुट्टी के बाद आज से स्कूल प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्राथमिक शाला के बच्चों को महिला स्वसहायता समूह बिलखंड के महिलाओं द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण कर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसएमसी के अध्यक्ष अभ्यास भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने अपने बच्चों को रोज पढ़ाने के लिए भेजें, किसी भी बच्चों को बेवजह में घुमाने ना और स्कूल से पढ़ के जाने के बाद अपने घर में भी पढ़ने के लिए अवश्य बोले। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे ने भी अपने उद्बोधन में पालक एवं महिला समूह आपने कीमती समय देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अपने अपने बच्चों को शाला में जरूर प्रवेश कराए और हर दिन स्कूल पढ़ाने के लिए भेजने प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाला समिति के अध्यक्ष अभ्यास कुमार भोई, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे, ग्राम के सभी महिला स्वसहायता समूह के सभी महिलाएं एवं शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के सभी बच्चे गण उपस्थित रहे।

# नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सेजेस बसना में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रामचंद्र अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं केसी साहू, एसके पटेल, कलवंत होरा तथा शिव अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य केके पुरोहित द्वारा मुख्य अतिथि एवं माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक हेमन्त कुमार दास, प्राथमिक विभाग के प्रधान पाठक हरिराम साव, व्याख्याता नन्द कुमार ध्रुव, विजय सिंह राजपूत, बैकुंठ दास, हेमराज निषाद, सुनील कुमार प्रधान, तेजस्विनी साव द्वारा क्रमशः अतिथियों का सम्मान किया गया।



पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण एवं तत्पश्चात रामचंद्र अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए बच्चों को आशीर्वचन स्वरूप अपने अमूल्य शब्दों से अनुग्रहित किया गया एवं उनके द्वारा अपनी भाषा, अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए उसको कभी न छोड़ने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित केसी साहू द्वारा भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी एवं नवकक्षा प्रवेशी बच्चों का तिलक एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत करते हुए उन्हें पुस्तके भेंट की गई। इस अवसर पर बोर्ड कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा दशवी से तेजस्विनी साव 94.1%,मोहराज 91.6, तस्मिया खान 91 प्रतिशत ने उपस्थित होकर मुख्य अतिथि के करकमलों से मोमेंटो प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा बच्चो को खीर पूड़ी सब्जी परोसा गया। विद्यालय को ओम स्टेशनरी बसना के संचालक शिव अग्रवाल द्वारा वाटर फ्रीजर एवं अमन बिल्डर के मालिक कलवंत होरा द्वारा बच्चों के लिए स्टेशनरी सामान तथा शिव शक्ति मिल्क द्वारा बच्चों के लिए लगभग 4000 रुपए के मूल्य के लस्सी, पनीर आदि भेंट किया गया। इसके लिए प्राचार्य केके पुरोहित द्वारा विद्यालय परिवार की ओर से सभी दानदाताओं का आभार प्रकट किया गया।

## भेंट-मुलाकात में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** 26 जून बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने विगत बुधवार की तरह सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट मुलाकात की। जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई। कई लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत की, जिसमें विनोद दीवान (कुल्हरिया), सरोजनी यादव (लाफिन खुर्द), डेरहीन निषाद (लाफिन खुर्द), सुमिंद्रा निषाद (लाफिन खुर्द), वैशाली पाटिल (महासमुंद), नरेश मार्कंडेय (घोड़ारी), द्वारपाल यादव (घोड़ारी), रामा साहू (कोसरंगी) की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम साहू और तहसीलदार पांडा से एसडीएम कक्ष में मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। हर बुधवार को डॉ. चोपड़ा और अन्य समर्थकों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। हर बुधवार को भेंट करने से लोगों की समस्याओं का निराकरण जल्द हो रहा है, समस्याओं



का निपटारा हो जाने से लोगों में खुशी की लहर है। अधिकारी-कर्मचारी भी अपना काम और अच्छे से कर रहे हैं। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, राकेश सचदेव, हनीश बग्गा, मेघराज चंद्रसेन, पवन साहू, मोहन साहू, सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खट्टी में 7 को निकाली जाएगी रथयात्रा

**महासमुंद।** खट्टी में 07 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी, जो कि पूरे मोहल्ले में भ्रमण करते हुए मेला स्थल पहुंचेगी। यह जानकारी सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा पिता ओंकार प्रसाद शर्मा, करण एवं अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी खुशबू उपाध्याय, खुशी उपाध्याय ने दी है।

### विभिन्न रोगों की जांच प्रतिदिन

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक डा गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी। विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) भी अपनी सेवाएं देंगे।

### वी क्लब महासमुंद के लिए पदाधिकारियों का हुआ चयन

**महासमुंद।** एसोसिएशन ऑफ वी क्लब आफ इंडिया वी डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 (अपराजिता) में वीं क्लब महासमुंद के लिए अध्यक्ष वी ममता जयसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष वी नीलम जायसवाल को सत्र 2024-25 के लिए चुना गया है। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूर्व एरिया आफिसर वी ऐश्वर्या तिवारी, वी लता चंद्राकर, वी निराजना चंद्राकर को चुना गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट नवविहान/नव सोपान है। महासमुंद क्लब का स्थाई प्रोजेक्ट (मुक्तिधाम में लकड़ी दान) का कार्य करते आ रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता फरमानिया है।

## गौरव पथ निर्माण में की जा रही अनियमितता, अघोषित बिजली कटौती समेत कई मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठेगी विधायक चातुरी नंद

# 28 को विधायक चातुरी नंद ने की अनशन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ निर्माण में की जा रही गुणवत्ताहीन कार्य, अधूरे निर्माण से हो रही राहगीरों और नगरवासियों को हो रही दिक्कतों, क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती समेत कई मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद 28 जून को एक दिवसीय आमरण अनशन पर बैठेगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि निर्माणाधीन गौरव पथ में ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों के मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती जा रही है। नाली नहीं ढकने से राहगीर और नगरवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रही है, इतना ही नहीं इस्टीमेट को धता बताते हुए डिवाइडर की ऊंचाई कम कर दी गई है। नगर के व्यापारी और आम जन की समस्याओं से सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार को कोई फिक्र नहीं है। मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर, नगरीय निकाय विभाग के सचिव विभागीय मंत्री समेत मुख्यमंत्री से भी की। परंतु, आज तक कोई जांच नहीं की गई। मजबूरन मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की राह पर चलते हुए आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। सरायपाली अंचल के कई गांवों में हफ्ते भर से अधिक समय से बिजली बंद है। परंतु, बिजली विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है। समस्या का निराकरण करना तो दूर अधिकारी आम जन का फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझते। गांव तो गांव नगर में भी प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है। विधायक नंद ने कहा कि इसी तरह पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की पेयजल संकट को दूर करने अमृत जल जीवन मिशन के तहत 126 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। परंतु, शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। जिससे इसका लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पा रहा और सरायपाली नगर समेत पूरे अंचल में पेयजल संकट से आम जनता त्राहि माम होती रही, लेकिन अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि अधिकारियों को बार बार लिखित और मौखिक रूप से बोलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मैं अनशन करने पर मजबूर हूं। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर मैं सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ती रहूंगी। उन्होंने आम जनता और क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों से भी जनहित के इस मुद्दे पर समर्थन देने की अपील की है। बता दें कि विधायक चातुरी नंद जनहित के मुद्दों और आमजन की समस्याओं को लेकर विधानसभा में भी मुखर होकर आवाज उठाती है। विधायक बनने के बाद उनका यह पहला आमरण अनशन है जिसका आम जन भी समर्थन कर रहे है।



## श्याम बालाजी महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय में 3 जून को बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंकिता चंद्राकर प्राचार्य श्याम बालाजी महाविद्यालय, उमा चौधरी सहायक प्राध्यापक, निर्मल बंजारे सहायक प्राध्यापक, टोपलाल कुर्रे सहायक प्राध्यापक और सभी विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के गीत, नृत्य और शायरी की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम का समां बांधा। और अनेक प्रकार के मनोरंजक खेल खिलाए गए। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने भी अपने कॉलेज की खट्टे मीठे अनुभवों को सभी से साझा किया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल युवराज ठाकुर और मिस फेयरवेल एकता गोस्वामी, मिस्टर इवनिंग कृष्णा साहू, मिस इवनिंग डोलेश्वरी पटेल, बेस्ट डांसर अंजना बरवा एवं सातो, बेस्ट एंकर प्रवीण साहू, एवं बेस्ट सीनियर देवाशीष सामल को बनाया गया। अंत में कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहते हुए जीवन में उत्तम विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी केतन पवार और माया दीवान ने किया।



## कृषि कार्य में जुटे किसान

**नर्रा।** आषाढ़ माह लगते ही खरीफ फसल के लिए किसानी कार्य में किसान व्यस्त हो गए हैं। खेत की मेड़पार की सफाई के साथ ही गोबर खाद डाल रहे है। वही सुविधा के अनुसार अधिकांश किसानों ने ट्रैक्टर से धान की बोआई करा रहे है। कुछ किसान अपने स्वयं के वाहन यानी नांगर बैल से बोआई कार्य में जुटे हुए है। बता दें कि आषाढ़ माह में तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है। प्री मानसून के चलते क्षेत्र के गांवों में कही बारिश तो कहीं पर सूखा व बूंदाबांदी हो रही है। क्षेत्र में अधिकतर किसान रोपाई के लिए बीज भी डाल रहे है। वही बीज की अंकुरण के लिए झमाझम बारिश की दरकार है।

# आवासीय खेल के लिए राज्य चयन ट्रायल में जिले के भी खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन खेल विभाग परिसर रायपुर में 25 जून से 26 जून 2024 तक (13 से 17 वर्ष) बालक-बालिका तीरदांजी खेल के लिए आयोजित किया गया। जिसमें खिलाड़ियों का मोटर एबिलिटी टेस्ट, स्किल टेस्ट व मेंटर एबिलिटी टेस्ट लिया गया। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में चयनित होने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न सुविधाएं शासन द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, स्ट्रेंथ व कंडीशनिंग प्रशिक्षण, शुद्ध व पौष्टिक आहार, फिजियोथैरिपी व आवास, शिक्षा, खेल उपकरण व बीमा निशुल्क मिलेंगी। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले से भोरिंग, तुमगांव, बिहाझर, बागबाहरा से खिलाड़ी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में शामिल हुए। जिसमें गणेशू, कुशो राम, आर्यन, नीलम, डोमेश्वेरी, देविका यादव, लक्ष्मी साहू, यामिनी धीवर, हुमेश्वरी साहू, दिलेश्वरी साहू, नीलम साहू, डालीका, अबीर पांडेय एवन साहू, पिरीत साहू प्रशिक्षक पुनेंद्र चंद्राकर द्वारा तैयार कर शामिल कराया गया हैं। जिले में



तीरंदाजी खेल अपना अलग पहचान बना रही हैं, जिसमें जिले से पद्मा साहू का चयन सोनीपत हरियाणा, नवलिन कौर सतारा जैसे राष्ट्रीय खेल अकादमी के लिए हुआ हैं। जहां से अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी की जा रही है। साथ ही खेल अकादमी रायपुर, खेलों इंडिया एक्सिलेंस सेंटर बिलासपुर, साई सेंटर रायपुर जैसे जगहों में जिले के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के खिलाड़ियों ने विगत वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में कामयाब रहे हैं। चयन ट्रायल में बेहतर प्रर्दशन करने के लिए जिले के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, डॉ. विकास अग्रवाल, व्यायाम शिक्षक सुनिल कुमार भोई, सेवन दास मानिकपुरी, ऋषि साहू, एवन साहू, बॉल आश्रम बिहाझर अधीक्षक पुनेंद्र चंद्राकर, पिरित साहू, भोज साहू, संजय पटेल, अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर छाबड़ा, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा व जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद के खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।

## निधन

### अमित कुमार साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा निवासी अमित कुमार साहू (23) का देहांत 25 जून मंगलवार को गया। जिसका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे रामजी साहू के पुत्र व रेमन साहू के छोटे भाई थे।

# मोहगांव स्कूल में हुआ शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण समारोह आयोजित 25 जून मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल के लिए चयनित छात्रों के पालकों द्वारा शिक्षक सम्मान सह छात्र अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश कुमार प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल मोहगांव थे। अध्यक्षता रविलाल प्रधान प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला ने की। विजय बारीक अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान ग्राम प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के वर्ष 2024 में नवोदय विद्यालय के लिए चयनित बच्चों के पालकों द्वारा उनके मार्गदर्शक शिक्षक भोजराज प्रधान को स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को डायरी और कलम भेंट की गई। शिक्षक प्रधान के हाथों बच्चों को सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर नवोदय चयनित बच्चों के पालकों द्वारा विद्यालय को एक नग वाटर कूलर वाटर प्यूरीफायर के साथ, एक नग आलमारी और एक नग लेक्चर स्टैंड भेंट किया गया।




इस अवसर पर प्राचार्य जगदीश कुमार ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव से एक साथ 18 बच्चों के नवोदय विद्यालय के लिए चयन होने से विद्यालय के साथ गांव भी गौरवान्वित है। इस उपलब्धि के लिए सभी बच्चे, पालकों व शिक्षक बधाई के पात्र हैं। भोजराज प्रधान ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों के लिए स्थापित की गई थी। यह एक आवासीय विद्यालय है, यहां बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, पालकों के सहयोग से प्रतिवर्ष हमारे विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहता है।

अध्यक्ष विजय बारीक ने विद्यालय को सहयोग करने के लिए पालकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, मोहन साहू, रत्नाकर प्रधान, बिशीकेशन भोई, छोटेलाल जागेश्वर, बलदेव बारीक, लवणी बधाई, रविलाल प्रधान, हेमन्त कुमार कर ने इस सम्मान समारोह को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर पण्डा सहायक शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में संजय प्रधान, ओंकार प्रधान, रेशमलाल नायक, जागेश्वर नायक, दिलीप चौधरी, भोजराज नागवंशी, नरोत्तम सिंह ठाकुर, दुर्योधन प्रधान, तरुणी सेन साहू, विश्वनाथ प्रधान, मुकेश पटेल, मनोज नायक, शिवप्रसाद बसन्त, सुशील कुमर्रा, दिलीप कुलदीप, आशाराम नाग, अमृता प्रधान और उमेश कुमार नायक आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में पहले दिन परोसी गई खीर-पूरी और जलेबी

## खट्टा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम खट्टा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों, प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में पालक व नागरिकगण उपस्थित हुए। नए शिक्षा सत्र में शाला आरंभ अवसर पर नए बच्चों का उत्साह के साथ विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा सभी पात्र बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश प्रदान किया गया। स्व दाऊलाल साहू की पुण्य स्मृति में हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य लिकेश साहू द्वारा कक्षा पहली से दसवीं तक अध्ययनरत बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त खीर, पूड़ी व जलेबी खिलाई गई।

कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा की गई। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, प्रेरणा गीत, कविता व कहानियां प्रस्तुत की गई। एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह दीवान, शिक्षाविद हरीश देवांगन, राजकिशोर निषाद आदि द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक ओम नारायण शर्मा ने कहानियों के माध्यम से बच्चों एवं पालकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य लिकेश साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल के समस्त शिक्षकों सहित एसएमसी अध्यक्ष नामेश्वरी सेन, उपाध्यक्ष गुमान सिंह दीवान, शिक्षाविद प्रेमसिंह दीवान, हरीश देवांगन, सगरी यादव, दिलीप नायक, सदस्य किरण सेन, रामप्यारी दीवान, रामलाल बघेल, गोकुल नायक, रामशरण दीवान, रामेश्वरी दीवान, संतोष भारती आदि उपस्थित रहे।

# वृंदावन विद्यालय में बच्चों का स्वागत कर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय इग्लिश मीडियम हाईस्कूल में नए शिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमलीभाठा वार्ड नं. 10 के पार्षद देवीचंद राठी, उपप्रचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, विजय लक्ष्मी राव उर्मिला अग्निहोत्री व अमृता चंद्राकर एवं विद्यालयके समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थीगण द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय की शिक्षिका अंशु यादव व नंदनी साहू द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका दामिनी वैष्णव, सुमन साहू, अंशु यादव द्वारा समस्त विद्यार्थीयों का तिलक लगाकर विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राठी द्वारा सम्बोधित करते हुए छात्रों को नए सत्र में सकारात्मक विचार अपनाकर जीवन में सफल होने की सीख दी गई।



संस्था प्रमुख विश्वनाथन द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए नए शिक्षण सत्र में अपनी कमियों को दूर कर अनुशासन को अपना कर सफलता प्राप्त करने की शिक्षा दी गई। संस्था की संचालिका सुजाता ने बच्चों को नए शिक्षण सत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपपाचार्या इंदु मिश्रा द्वारा बच्चों को विद्यालय के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रशासन प्रबंधक मान सागर गंडेचा द्वारा बच्चों को नए शिक्षण सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित अभिभावक डा. डीके साहू ने छात्रों को विद्यालय के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया व चाकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। छात्रों के मुस्कुराते चेहरे से विद्यालय प्रांगण हर्षित हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौड़, एम रजनी, संध्या सोना, जागृति साहू, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, यशवंत धृतलहरे, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदनी साहू, सुमन साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, मोनिका साहू एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।



## तिलक लगाकर छात्राओं का किया स्वागत

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर जगदीश चंद्राकर अध्यक्ष शाला विकास समिति, प्राचार्य करण सिंह सोरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी, पालकगण लीलाधर साहू, तोरण पटेल मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं का तिलक लगाकर, मुँह मीठा करवाकर नवीन विद्यालय में स्वागत अभिनन्दन किया गया।




## गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** स्थानीय गुड शेफर्ड स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं नई कक्षाओं की किताबें वितरित की गई। सर्वप्रथम शाला की वरिष्ठ शिक्षिका नंदा रंगारी ने तिलक कर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। प्राचार्य एम निवास राव ने बच्चों को नयी कक्षा में प्रवेश के लिए बधाई दी। प्राचार्य ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि परिश्रम सफलता की चाबी है और कड़ी मेहनत से वे जरूर अपने सुनहरे भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।



## बिरकोनी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बिरकोनी के वरिष्ठ नागरिक दाऊ जगदीश प्रसाद चंद्राकर एवं प्राचार्य करण सिंह सोरी के मुख्य आतिथ्य एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य टामेश्वरी साहू, व्याख्याता अनुपमा मानिकपुरी, निधि गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, पालक संतोष कुमार यादव व गोवर्धन चंद्राकर के उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के प्रतिमा में पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। पश्चात बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रथम दिन स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य करण सिंह सोरी ने कहा कि नियमित विद्यालय आकर सच्ची निष्ठा के साथ अध्ययन करना है। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता विजयपुरी गोस्वामी, कन्हैयालाल साहू, निर्मला कुजूर, करुणा चंद्राकर, लता राजन, गीता दासरवार, तारामती साहू, रिचा पांडे, रामप्रसाद मोहंती, बेद राम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, सौरभ साहू, मुकेश कुमार ध्रुव, प्रज्ञा मैत्री, उषा साहू, महेश, ठालू साहू एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# शेर में मनाया गया शाला प्रवेशउत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवीन सत्र 2024-25 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में कक्षा छठवीं व कक्षा नवमी के नवप्रवेशित बच्चों को एसएमसी के सदस्यों गोपाल साहू, धर्मेंद्र सेन, पुरण साहू, गोविंद निषाद, विद्यालय की प्राचार्या एसबी लाल सहित वरिष्ठ व्याखाताओं एवं शिक्षकों के आतिथ्य में प्रवेश हुआ।



सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माता सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। नोडल प्राचार्या लाल ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। शाला प्रबंध समिति के सदस्यों ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित बच्चों को अपनी शुभकामनाए देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यकम को विद्यालय के व्याखाता शोभा दीवान, टोहन देवांगन, रोहित मिश्रा, नरेश विश्वकर्मा, रेणुका शर्मा, कोमल साहू सभी ने अपने संबोधन में बच्चो को विद्यालय में निरंतरता बनाए रखते हुए विद्यालय के सभी शासकीय लाभ प्राप्त करते हुए अपने अध्यन अध्यापन को बढ़ चढ़ के क्रियान्वयन करने का आह्वान किया। इसके पश्चात कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित बच्चों को मुंह मीठा करा कर निःशुल्क गणवेश व पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। विद्यालय के छोटे बच्चों के लिए विद्यालय द्वारा नेवता भोज का आवोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी शिक्षक हितेंद्र शर्मा एवं आभार प्रदर्शन होश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में डोमेश्वरी साहू, खेमीन चंद्राकर, आशा सिन्हा, मधुमती डहरिया, सुषमा साहू, दिव्या ताम्रकार, उमाशंकर पटेल, भुवन साहू, दीपक शर्मा, रिचा पटेल, हेमा नेताम, संगीता तांडेकर, समीम कौसर, पद्मा दीवान, रेणुका मिश्रा, टेकराम देवांगन, शीतल साहू, गायत्री सेन आदि योगदान रहा।



## साराडीह शाला में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**महासमुंद।** 26 जून को प्राथमिक शाला साराडीह में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच साजन यादव एवं सचिव राकेश बंजारे, स्कूल के शिक्षिका मंजू चंद्राकर, भारती चंद्राकर, देवकी सिंह, सुनीता पटेल रहे। सरपंच साजन यादव ने कहा कि 26 जून को प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया और छात्राओं को तिलक लगाकर का स्वागत किया गया।

# बृजराज स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला बृजराज में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सत्र 2024-25 का स्कूल खुलने का पहला दिन था। जिसमें नवप्रवेशित छात्र अपने पालकों के साथ बड़े उत्साह के साथ स्कूल आए। जहां नई खुशी उत्साह और उमंग उनके चेहरे में देखने को मिला। स्कूल में प्रवेश उत्सव का पर्व मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र में पूजन पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक के छात्रों को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण बैग के साथ देकर किया।

अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी



छात्रों के नियमित शाला समय मे स्कूल आने तथा एकाग्र मन से पढ़ाई में ध्यान देने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रहा। इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उदबोधन में शाला के विकास एवं सामुदायिक सहभगिता के ऊपर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अजय चोपड़ा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवशरण साहू की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का संचालन नरेश साहू ने किया। शाला में न्यौता भोज का आयोजन मूलचंद कोचर, सावित्री निषाद, एवं प्रधान पाठक के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधानपाठक विजयलक्ष्मी चंद्राकर, शिक्षक जमुना साहू, सोनल साहू, स्वाति चंद्राकर, पुष्पांजलि नेटी, मनीषा साहू, देवेंद्र ठाकुर, बिमलेश्वरी दुबे, नेहा चंद्राकर, स्वाति सिन्हा, सुशांत शेखर धराई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आभार व्यक्त प्रधानपाठक गोमती साहू ने किया।



## श्याम विद्या मंदिर में मना प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** श्याम शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्याम विद्या मंदिर, उमावि एवं इंग्लिश मीडियम सकूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 को प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों एवं पूर्व प्रवेशित विद्यार्थियों को गुलाल, तिलक, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक हेमंत चद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मीना राजपूत एवं शिक्षकगण कोमल देवागंन, अमित लामा, महेश्वरी साहू, सीमा ध्रुव, योगिता चौहन, ऐश्वर्या साहू, योगिता यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी मीना राजपूत ने दी।



## गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**सरायपाली।** गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल जोगनीपाली में शैक्षिक सत्र 2024-25 में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं बुद्धि प्रदाता गणेश के तैलीय चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उन्हें पुस्तक वितरित की गई। विद्यालय के संस्थापक गोपनाथ गुरुजी, संचालक जन्मजय नायक, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर बेहतर से बेहतर किए जाने वाले प्रयासों से शैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आने और बेहतर पढ़ाई-लिखाई करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं कम से कम शुल्क में छात्रों को संस्कारयुक्त बेहतरीन शिक्षा देने एवं नया सत्र, नए संचालक, नए स्वरूप के साथ अंचल में गोपनाथ आश्रम विद्यालय की अलग पहचान बनाने के लिए दृढ़संकिल्पत होने की बात कही। नवप्रवेशी विद्यार्थियों में उनके नए विद्यालय और नए माहौल में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**महासमुंद।** शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला में शिक्षण सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया व मुंह मीठा कर गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बादल मक्कड़ व शाला समिति की उपाध्यक्ष कमलजीत कौर एवं सदस्यगण कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला में प्रधान पाठिका उर्मिला मरकाम द्वारा उनके जन्म दिवस पर न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिकाएं यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन एवं शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## कमरौद स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कमरौद में शाला प्रवेशोत्सवों धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम कमरौद के सरपंच एवं शाला प्रबंध समिति के अध्यक्षा प्रेमीन ध्रुव, सदस्य मीना साहू एवं चौकी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में नए प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणेश का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। शिक्षक चमन लाल साहू द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए एकाग्रचित होकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। सरपंच प्रेमीन ध्रुव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राधेश्याम बगर्ती, चंद्रशेखर चंद्राकर, खिलेश्वर प्रसाद साहू, भरत लाल साहू, सत्यभूषण नसीने, खोमन लाल साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चमन लाल साहू ने किया।

## खरोरा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव

# नए सत्र की नई शुरुआत का उत्सव : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ला गढ़े बर के उद्घोष के साथ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा का शाला प्रवेशोत्सव प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र की बुनियाद है और शिक्षक राष्ट्र के निर्माता। शिक्षक बच्चों को गढ़कर सुरक्षित भविष्य की नींव तैयार करता है। क्योंकि बच्चे ही राष्ट्र के भावी कर्णधार है। स्वाभिमानी शिक्षक ही स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण करता है। शाला प्रवेशोत्सव नये सत्र की नई शुरुआत का उत्सव है, जहां बच्चे नए उत्साह के साथ सीखने की ललक लेकर शाला में प्रवेश करते हैं। इस अवसर पर






नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशा परमार ने शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। संस्था के प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने पालकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित शाला भेजिए हमारा प्रयास होगा बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संगीता यादव, वरिष्ठ शिक्षक डोमार साहू, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के संचालक देवदत्त चंद्राकर, रूपा टंडन, मीना चंद्राकर, कमला, निशी यादव, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण व अभिभावकगण उपस्थित रहे। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में रामेश्वरी ध्रुव, मोना चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रसाद चंद्राकर का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुबे कुमार पटेल व आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री चंद्राकर ने किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात सरपंच सुनीता देवदत्त चन्द्राकर की ओर से नेवता भोज का आयोजन भी किया। गया।

